विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम-सोमवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न सं0-8 का उत्तर

| तारांकित प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 8(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेगें कि स्वतंत्रता दिवस, 2024 तथा स्वच्छ सर्वेक्षण, 2024 के अवसर पर कार्यालय आदर्श नगर पालिका परिषद, बांसी, सिद्धार्थनगर द्वारा नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाओं का विज्ञापन प्रकाशित कराया गया एवं शासकीय धन से क्या भुगतान किया गया? | स्वतंत्रता दिवस, 2024 तथा स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अवसर पर नगर पालिका परिषद, बांसी द्वारा "सभी रोगों की एक दवाई, हमेशा रखो साफ-सफाई" विषयक, जागरूकता विज्ञापन प्रकाशित कराया गया। उक्त विज्ञापन का भुगतान निकाय द्वारा किया गया है। |
| (ख) यदि हां, तो विज्ञापन में किन-किन अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों के फोटो लगाये जाने का प्राविधान है? | इस सम्बन्ध में कोई विधिक व्यवस्था/शासनादेश नहीं है। परम्परागत रूप से निकाय द्वारा स्व विवेक से मा० प्रधानमन्त्री जी मा० मुख्यमन्त्री जी के फोटो के साथ अन्य मा० जनप्रतिनिधिगण के फोटो को लगाया जाता है। |
| (ग) क्या प्रश्नकर्ता का नोडल जनपद एवं गृह जनपद सिद्धार्थनगर है? | जी हां। |
| (घ) यदि हां, तो प्रश्नकर्ता का फोटो उक्त विज्ञापन में प्रकाशित न होना प्रश्नकर्ता के विशेषाधिकार का हनन नहीं है? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ड.) यदि हां, तो क्या इसकी जांच कराकर उत्तरदायी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करायेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |

( ए0के0 शर्मा )
मंत्री।